गुरुवार
17 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



कर्तव्य पथ की बलिवेदी पर चढ़ा जिले का एक और लाल, शव आते ही छलकी आंखें 4

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## छोटी खबरें

### बाहर से आकर झारखंड में राजनीति करनेवालों को बाहर कर दूंगा : हेमंत सोरेन

**रांची।** अवैध खनन मामले में गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी पूछताछ करेगी। इससे पहले रांची में यूपीए विधायकों की बैठक बुलाई गई है। सभी विधायकों को रांची में ही रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पहले सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आपको तय करना है कि इस राज्य में षड्यंत्रकारियों का राज चलेगा या यहां के आदिवासियों का। हमें सत्ता से बेदखल करने के लिए ये लोग लगे हुए हैं, इन्हें पता है कि अगर मैं 5 साल यहां टिक गया तो आदिवासियों को मजबूत कर दूंगा। जो लोग बाहर से आकर यहां राजनीति करते हैं उन्हें बाहर कर दूंगा। 17 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के समक्ष पेश होना है।

### पटना में बैंक से पैसा निकाल जा रहे युवक से दो लाख रुपए की छिनतई

**पटना।** राजधानी में एक बार फिर अपराध पैर पसारने लगा है। दिनदहाड़े हत्या, लूट और छिनतई जैसी घटना को अंजाम देकर अपराधी हर दिन पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र का है। जहां एक युवक से बाइक सवार दो अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। निजी फर्म में लेखापाल का कार्य करनेवाले पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि वह आर ब्लॉक स्थित बैंक बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से 2 लाख रु. निकालकर अपने बैग में रख आशियाना आईडीबीआई बैंक में जमा कराने जा रहा था। इस दौरान वह सचिवालय के गेट के समीप दुर्गा मंदिर के पास जैसे ही पहुंचा उसका पीछा कर रहे दो बाइक सवार अपराधी वहां पहुंच गये और उससे पैसों से भरे बैग झपट कर फरार हो गए। संजीव ने सचिवालय थाना पहुंचकर इस मामले की जानकारी दी है।

### जगदानंद सिंह के मसले पर जल्द बड़ा फैसला लेंगे लालू

**पटना।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह लंबे समय से पार्टी दफ्तर नहीं आ रहे हैं। जहां वह लंबे समय के बाद गांव से पटना लौटे, लेकिन इसके बाद भी वह पार्टी कार्यालय नहीं आए। ऐसे में अब जगदानंद सिंह अपने पद पर बने रहेंगे या किसी और को इसकी जिम्मेदारी दी जायेगी, इसकी चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रही है इस मामले में पार्टी के शीर्ष स्तर पर विचार मंथन हो रहा है। जल्द ही लालू प्रसाद इस पर बड़ा फैसला ले सकते हैं। लालू प्रसाद इसी महीने कीडनी ट्रांसप्लांट के लिए सिंगापुर जानेवाले हैं। बताया जा रहा है कि लालू प्रसाद के सिंगापुर जाने से पहले लालू प्रसाद जगदानंद सिंह के मामले को खत्म करना चाहते हैं। राजद सुप्रीमो अपने नजदीकियों से इस बारे में विमर्श कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ दिनों में बड़े सियासी गतिरोध का पटाक्षेप हो जाये।

**समारोह:** नवनियुक्त 10459 पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने दिया नियुक्ति पत्र

# बिहार में कानून का राज बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता : नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मंगलवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 10,459 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। समारोह में 215 सार्जेंट, 1,998 सब इंस्पेक्टर और 8,246 सिपाहियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें 3,852 महिलाएं शामिल हैं, जो नवनियुक्त पुलिस बल का 36.8 प्रतिशत है। इस मौके पर डीजीपी संजीव कुमार सिंघल ने पुलिस पदाधिकारियों / कर्मियों को पुलिस सेवा की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने सभी को शराब का सेवन नहीं करने एवं शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा बिहार में कानून का राज स्थापित है। इसे बनाये रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कानून का राज कायम रखना सरकार का दायित्व है। वर्ष 2010 में देश में एक लाख की आबादी पर 115 पुलिसकर्मी थे, बिहार में यह संख्या कम थी। बिहार में अब तक 1 लाख 8 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की बहाली हो चुकी है। 1 लाख 52 हजार 232 पदों में से अभी भी 44 हजार की बहाली होनी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसमें देर न करें यथाशीघ्र बहाली कराएं।

### सीएम बोले

- पुलिसकर्मियों द्वारा नियमित गश्ती एवं पुलिस बल की संख्या बढ़ने से लॉ एंड ऑर्डर दुरुस्त रहेगा
- हम समाज के सभी तबकों को साथ लेकर चलते हैं

### एक लाख की आबादी पर होंगे 160 –170 जवान

सीएम ने कहा कि अभी देश के अलग-अलग राज्यों में 1 लाख की आबादी पर 115 से ज्यादा पुलिसकर्मी हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए बिहार में भी इसे बढ़ाकर 160 से 170 करने का निर्णय लिया गया है। उसी के अनुरूप हमें तेजी से नियुक्ति करनी है। उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम इसलिए रखा गया है कि सामने बापू की प्रतिमा है इसलिए अपने राष्ट्रपिता को कभी भूलियेगा मत। सीएम ने कहा एससी-एसटी सतर्कता अनुश्रवण समिति की बैठक में हमने तय कर दिया है कि केस की जांच 90 दिनों की बजाय अब 60 दिनों के अंदर ही की जाए ताकि दोषियों को समय पर सजा मिल सके। क्राइम कंट्रोल करने के लिये दोषियों पर त्वरित कार्रवाई जरूरी है। रात्रि में और अहले सुबह निरंतर गश्ती होने से अपराध पर नियंत्रण रहेगा।





### शपथ... न शराब का सेवन करेंगे, न दूसरों को करने देंगे

नवनियुक्त पुलिसकर्मियों से आह्वान करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग अपना काम ठीक ढंग से कीजियेगा, मुझे खुशी होगी। आज आपने जो शपथ ली है उसे भूलियेगा मत। शराब का सेवन खुद कभी नहीं करियेगा और न ही दूसरों को करने दीजियेगा। इससे समाज में काफी बेहतरी आएगी। समाज में कुछ लोग गड़बड़ करने वाले होते हैं। नवनियुक्त पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष दोनों हाथ उठाकर शराब का सेवन नहीं करने और दूसरों को भी शराब का सेवन नहीं करने देने का संकल्प लिया।

### हम चाहते हैं कि समाज में महिलाओं की समान भागीदारी हो

सीएम ने कहा कि वर्ष 2013 में हमने पुलिस सेवा में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय किया था। आज बिहार पुलिस में 25 प्रतिशत महिलायें सेवारत हैं। आज नियुक्ति पत्र मिलने के बाद बिहार के पुलिस बल में 27 प्रतिशत महिलायें शामिल हो जायेंगी। उन्होंने कहा कि हम पुरुषों से कहेंगे कि महिला के प्रति सम्मान का भाव रखिये। मां ही हमें जन्म देती है इसलिए समाज में महिलाओं की भूमिका है। पहले महिलाएं घरों में बंद रहती थीं, अब हर काम में लगी रहती हैं। हम चाहते हैं कि समाज में महिलाओं की समान भागीदारी हो।

**भाजपा ने गठबंधन सरकार पर बोला हमला**

### विजय सिन्हा बोले... सरकार फरेब कर नियुक्ति पत्र का पीट रही ढोल

सीएम नीतीश ने आज 10 हजार 459 पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया है। इस पर बीजेपी ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने नियुक्ति पत्र पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जो लोग प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे और काम कर रहे हैं, उन्हें नियुक्ति नहीं प्रतिनियुक्ति पत्र दिया जा सकता है, लेकिन सरकार फरेब कर नियुक्ति पत्र का ढोल पीट रही है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के नाम पर नीतीश घोटाले का सृजन और श्री गणेश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश जी जिस प्रकार सत्ता की जुगत में आज झूठ और फरेब का मार्ग अख्तियार किये हैं, वह बहुत ही दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हम देख रहें है कि आज नौजवानों को लगातार नियुक्ति पत्र बांटने का झूठा खेल खेला जा रहा है, जो बेरोजगार युवाओं के भावनाओं के साथ केवल एक भद्दा मजाक भर है, जिसे हम लोग कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा नेता ने सवालिया लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री जी क्या यह बताएंगे कि आज जो नियुक्ति पत्र बांटने का खेल खेल रहें हैं क्या इस पद का सृजन वर्तमान के महागठबंधन सरकार की देन है? क्या परीक्षा और साक्षात्कार इसी सरकार में घोषित हुआ है? मुख्यमंत्री जी आज जो नियुक्ति पत्र बांट रहें हैं, आप इससे बेरोजगार मेधावी नौजवानों को क्या संदेश देना चाहते है? ये सारी नियुक्ति की प्रक्रिया एवं पद सृजन पूर्व में ही हुआ है। आप नयी नौकरी नई बहाली दिखाकर लोगों को भ्रमित एवं बरगला रहे हैं। पिछले तीन महीनों में जो भी नियुक्ति पत्र दिये गये हैं, वे सब भाजपा के साथ वाली सरकार के कार्यकाल का है।

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। सोशल मीडिया में लिखा कि बिहार में शराब माफियाओं का घोटाला और नियुक्ति घोटाला दोनों साथ चल रहा है। आज फिर से पहले से नौकरी मिले लोगों नौकरी दी जा रही है।

# उत्तराखंड में जबरन धर्म परिवर्तन और लव-जिहाद को किया गया बैन

- जबरन धर्म परिवर्तन गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया, अपराधी को होगी 10 साल की जेल

**एजेंसी/देहरादून**

उत्तराखंड सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में धर्म परिवर्तन कानून में सख्त बदलाव किया है। जबरन धर्म परिवर्तन को गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसके तहत अपराधी को 10 साल की जेल की जाएगी। जबरन धर्म परिवर्तन और लव-जिहाद को राज्य में बैन किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कुल 26 रिजॉल्यूशन पास किए गए। यह भी तय किया गया कि उत्तराखंड हाईकोर्ट नैनीताल से हल्द्वानी शिफ्ट किया जाएगा।

**2018 में सरकार ने पास किया था फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट:** मुख्यमंत्री धामी ने पिछले साल कहा था कि उन्होंने उत्तराखंड पुलिस को जबरन धर्म परिवर्तन और लव-जिहाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिया है। तब उन्होंने यह भी कहा था कि राज्य सरकार जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून को और सख्त बनाएगी। अप्रैल, 2018 में उत्तराखंड सरकार ने उत्तराखंड फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट, 2018 पास किया था। इसके तहत जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने के मामलों को गैर-जमानती अपराध माना गया।

दो दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने धर्म परिवर्तन को गंभीर मसला बताया था

14 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने डरा-धमकाकर या लालच देकर धर्म परिवर्तन को गंभीर मामला बताया था। सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जबरन धर्मांतरण न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा हो सकता है।

**जबरन धर्मांतरण कानून के खिलाफ:** केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धर्म परिवर्तन के ऐसे मामले आदिवासी इलाकों में ज्यादा देखे जाते हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर ऐसा है तो सरकार क्या कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाने हैं, उन्हें साफ करें।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाना बेहद जरूरी: तुषार गांधी

**जमुई।** बिहार के जमुई जिले के बरहट प्रखंड पहुंचे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने कहा कि आज बापू जिंदा होते तो, वे वर्तमान भारत की दशा को नहीं देख पाते। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस रास्ते पर चल रहा है, उसका अंत बेहद खतरनाक होने वाला है। 2024 में विचारों की अहम लड़ाई होने वाली है, इसलिए विकल्प हो या फिर नहीं हो। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हटाना बेहद जरूरी है। अगर मोदी 2024 में हटेंगे तो नया विकल्प खुद ब खुद सामने आ जाएगा। बुधवार को श्रम भारती खादी ग्राम में बापू की प्रतिमा के अनावरण के बाद उन्होंने ये बातें कहीं। तुषार गांधी ने आगे कहा कि भारत की सामाजिक समरसता को बचाने के लिए हमें इस बार जाति, धर्म आदि से उठकर मतदान करना होगा। हमें राजनीतिक दलों से परे जाकर लड़ाई लड़नी होगी।

### राजनीति : कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में वीआईपी पार्टी से निलाभ ने ठोकी ताल

**केटी न्यूज/पटना**

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में यहां से चार बार के विधायक रहे साधु शरण शाही के पोते नीलाभ को मैदान में उतारा है। भूमिहार समाज से आनेवाले निलाभ के चुनाव में उतरने से महागठबंधन और भाजपा को पूरा समीकरण गड़बड़ा गया है। भाजपा और जदयू ने पिछड़ा वर्ग पर दांव खेला है, जबकि मुकेश ने सवर्ण पर। इसके पीछे मुख्य वजह है जातिगत समीकरण। कुढ़नी विधानसभा में लगभग 40 हजार से ज्यादा भूमिहार जाति का वोट है। निषाद जाति के करीब 30 हजार वोट बैंक है। पिछले चुनाव में इतने ही वोट सहनी की पार्टी को मिले थे। भूमिहार कैंडिडेट देकर सहनी ने भाजपा की अगड़ी जाति के वोट बैंक पर सेंध लगाने की कोशिश की है। अभी इस



वर्ग पर अपनी ताकत रखनी वाली भाजपा ने यहां से अतिपिछड़ी जाति के पूर्व विधायक केदार गुप्ता को टिकट दिया है।

सहनी की ताजा अदावत भाजपा से यूपी विधानसभा चुनाव और उसके बाद वीआईपी के तीन विधायकों को तोड़ने और सहनी को मंत्री पद से हटाने पर रही है। वीआईपी वर्जेस बीजेपी की लड़ाई के बाद सहनी के सबसे बड़े राजनीतिक दुश्मन तेजस्वी यादव नहीं बल्कि भाजपा हो गई। लेकिन दिलचस्प यह भी कि मुकेश सहनी, राजद के पूर्व विधायक अनिल सहनी को वीआईपी में आमंत्रित कर रहे हैं।

### मैनपुरी उपचुनाव में सपा उम्मीदवार डिंपल यादव का समर्थन करेंगे शिवपाल

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में समाजवादी पार्टी ने डिंपल यादव को मैदान में उतारा है। बुधवार को सैफई में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के संस्थापक शिवपाल सिंह यादव ने कार्यकताओं के साथ बैठक की। शिवपाल ने अपने समर्थकों से डिंपल यादव को समर्थन करने की बात कही है। जिसके बाद सियासी गलियारों में चल रहे कयासों पर विराम लग गया है। वहीं बताया जा रहा है कि गुरुवार को अखिलेश यादव भी अपने चाचा शिवपाल सिंह से मुलाकात करेंगे। साथ ही शिवपाल अब डिंपल के लिए चुनाव में प्रचार कर सकते हैं। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी सपा उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला लिया है। 5 दिसंबर को होना है मतदान समाजवादी पार्टी के संस्थापक और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट खाली हुई है।

**उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

# राज्य में नई सोलर नीति लागू, सभी नगर निगम सोलर सिटी के तौर पर होंगे विकसित

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट की बैठक बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई। इसमें कुल 24 प्रस्ताव पर मुहर लगी। बैठक के दौरान प्रदेश में नयी सोलर नीति को लेकर फैसला किया गया। राज्य में नई सोलर नीति को लागू किया जाएगा। आने वाले 5 साल में 22,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी नगर निगम सोलर सिटी के तौर पर विकसित होंगे। सोलर नीति के तहत आवासों पर लगने वाले सोलर रूफटॉप पर भी यूपी सरकार छूट देगी। नॉन-



कमर्शियल जैसे शिक्षण संस्थाओं पर भी सब्सिडी देने का और सुविधाएं देने का फैसला किया गया है।किसानों को नई ऊर्जा नीति से लाभ देने का काम किया जाएगा। इसके तहत किसान अपनी उर्जा के लिए सोलर प्लांट लगाना चाहते हैं उनको 90% की छूट दी जाएगी। अनुसूचित जाति के किसानों को ऐसा करने पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यूपी पुलिस के रेस्पॉन्स टाइम-गति बढ़ाने के लिए फैसला लिया गया है। यूपी पुलिस के लिए नए वाहन खरीदने का प्रस्ताव पास किया गया है, जिससे गति तेज हो सके। यूपी में कई इलाकों में पर्यटन की गतिविधियां बढ़ेंगी। हेरिटेज होटल स्टाफ होटल हेरीटेज होमस्टे को विकसित किया जाएगा। इको टूरिज्म की नई इकाई बनेगी, दर्शनीय स्थल बनेगा, प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

किस विभाग को लेकर हुए क्या फैसले: उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय, अधिनियम 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश की स्थापना के लिए आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में फैसला हुआ। उप्र निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत निजी क्षेत्र में महावीर यूनिवर्सिटी मेरठ, उत्तर प्रदेश की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किए जाने के संबंध में भी फैसला लिया गया। सौर ऊर्जा नीति 2022 के क्रियान्वयन को मिली मंजूरी। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एसजीपीजीआईएमएस) के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग में 12 अतिरिक्त बेड के विस्तारीकरण प्रायोजना की लागत एवं उच्च विशिष्टियों को अनुमोदित किए जाने के संबंध में योगी कैबिनेट में प्रस्ताव पास किया गया। माननीय उच्च न्यायालय में न्यायिक कार्यों के सुगम और सुचारु रुप से संचालन हेतु माननीय न्यायमूर्तिगण के सहायतार्थ सृजित 135 लॉ क्लर्क (ट्रेनी) के पदों के सापेक्ष कार्यरत लॉ क्लर्क (ट्रेनी) का कार्यकाल एक वर्ष के स्थान पर अधिकतम दो वर्ष किए जाने के प्रस्ताव की मंजूरी मिली। भारत सरकार द्वारा प्रसारित मॉडल फायर एंड इमरजेंसी सर्विस बिल, 2019 को अंगीकृत किए जाने हेतु (उत्तर प्रदेश फायर एंड इमरजेंसी सर्विस अध्यादेश-2022 को प्रख्यापित कराए जाने के संबंध में फैसला हुआ। जनपद रामपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के अंतर्गत स्पॉट पुलिस कमांडो हब स्थापित करने हेतु निशुल्क भूमि आवंटित किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ।

जनपद सहारनपुर में आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) के स्पॉट कमांडो ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने हेतु निशुल्क भूमि सिंचाई विभाग से आवंटित किए जाने के संबंध में फैसला हुआ। उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकि एवं सूचना प्रौद्योगिकी सेवा नीति 2023 निर्गत किए जाने के संबंध में फैसला हुआ। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति 2020 के संशोधन किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।

## एक नजर

### सूदखोरों के चंगुल में फंसी महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, इलाजरत



**जहानाबाद।** सूदखोरों के जुल्म की नवादा जैसी घटना का छोटा ट्रेलर शहर में सामने आया है। दरअसल शहर के ठाकुरबाड़ी मुहल्ले की एक महिला ने दवाओं का ओवरडोज ले जान देने की कोशिश की है। परिजनों के अनुसार महिला ने टेंशन में घर में रखी एक दवा के स्ट्रीप की सारी टैबलेट्स एक साथ खा ली। दवा के ओवरडोज के बाद उसकी हालत खराब होने पर परिजनों ने उसे सदर अस्पताल भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। इलाजरत महिला अनिता देवी के बेटे धीरज कुमार ने बताया कि उसकी मां मुहल्ले में ही एक किराने की छोटी से दुकान चलाकर परिवार को पालन पोषण करती है। महिला के पुत्र ने बताया कि उसका पूरा परिवार सूदखोरों के चंगुल में है। उसने बताया कि उसके दिवंगत पिता नरेश प्रसाद, जिनकी मृत्यु तकरीबन एक महीने पहले हो गई है। उन्होंने सूदखोरों से कर्ज लिया था जिसकी जानकारी परिवार को जानकारी नहीं थी। सूद के रूप में मूलधन से कई गुणा पहले ही चुकता कर दिया है, लेकिन फिर भी कर्ज से उन्हें मुक्ति नहीं मिल रही है। सूदखोर लगातार पैसा चुकता करने का दवाब बना रहे हैं। इसी से परिवार टेंशन में है। उसके पास मौजूद सूदखोरों के द्वारा दिए गए अप्रमाणिक पासबुक से उनके कारनामों का संकेत मिल रहा है। हालांकि संवाद प्रेषण तक पुलिस तक यह मामला नहीं पहुंच सका था। मामले में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि संभावना व्यक्त की जा रही है कि सूदखोरों के भय से पीड़ित परिवार पुलिस तक शिकायत पहुंचाने में गुरेज कर रहा है। जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में अवैध सूदखोर लोगों को अपने चंगुल में फंसाकर मालामाल हो रहे हैं। ऐसे धंधेबाज जरूरतमंदों से उनके आभूषणों सहित कई कीमती सामान पहले बंधक बना लेते हैं। और बाद उससे भारी भरकम सूद की वसूली करते है। लोग आज भी बंधक कारोबारियों के हाथ हो शोषण का शिकार हो रहे हैं।

### परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में होगा प्रचार प्रसार



**अरवल।** जिले में परिवार नियोजन को लेकर चल रहे अभियान का प्रचार- प्रसार तेज करने के लिए सोमवार को सिविल सर्जन डॉ राय कमलेश्वर नाथ सहाय ने ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ई-रिक्शा से जिले के सभी प्रखंड क्षेत्र में प्रचार- प्रसार किया जाएगा सिविल सर्जन ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए महीने में 6 ई- रिक्शा से प्रचार प्रसार किया जाएगा। ई-रिक्शा से जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।लोगों को परिवार नियोजन के फायदे गिनाए जाएंगे। उन्हें समझाया जाएगा कि परिवार नियोजन से ना सिर्फ स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को फायदा होता है, बल्कि आर्थिक तौर पर खुशहाली रहती है। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के अस्थायी तरीके भी लोगों को बताए जाएंगे। अंतरा, छाया, कॉपरटी और कंडोम के बारे में भी लोगों को जानकारी दी जाएगी। इन संसाधनों का प्रयोग करने से दो बच्चों के बीच अंतराल 3 साल का हो सकेगा। तीन साल का अंतराल होने से बच्चे भी स्वस्थ रहते हैं और मां भी स्वस्थ रहती हैं। मौके पर डीपीएम मुक्ता भारती, रोहित कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### पिकअप वैन के तहखाने से 1200 बोतल विदेश शराब बरामद, चालक समेत दो गिरफ्तार

**जहानाबाद।** सूबे में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद शराब तस्कर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला जहानाबाद का है। जहां मद्य निषेद पटना और नगर थाने की पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की खेप को बरामद की है। पिकअप वैन में तहखाना बनाकर शराब की तस्करी की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान वैशाली के भगवानपुर थाना के रहसा गांव निवासी अंजनेश कुमार और धीरज कुमार के रूप में हुई है। दरअसल पटना मद्य निषेध विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना गया राष्ट्रीय मार्ग पर एक पिकअप वैन में छुपाकर तस्करी के लिए शराब की खेप लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पटना मद्य निषेध विभाग की टीम और नगर थाना की पुलिस के द्वारा शहर के कारगिल चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए पिकअप वैन को पकड़ा गया। जहां से पुलिस पिकअप को जब्त कर नगर थाना ले आयी। तलाशी के क्रम में पिकअप वैन में बने तहखाना से 25 कार्टून अंग्रेजी शराब की बरामद की गई। जब्त कार्टून में 1200 बोतल विदेशी शराब पायी गई। नगर थानाध्यक्ष निखिल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर जानकारी जुटाने में लगी है। बताया जाता है कि यह शराब की खेप झारखंड से मुजफरपुर के तुर्की लाई जा रही थी। पुलिस अब इस शराब तस्करी के खेल में शामिल लोगों की संलिप्तता की जांच में जुटी है।

### राष्ट्रीय प्रेस दविस पर राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर परिचर्चा का आयोजन

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर उप विकास आयुक्त परितोष कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका विषय पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों/ पत्रकार बंधुओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया के बहुआयामी अस्तित्व और लोकतंत्र एवं जनमानस के बीच की श्रृंखला स्वरूप मीडिया द्वारा कर्तव्यों के निर्वाहन तथा निष्पादन पर परिचर्चा की गई। इसके साथ ही स्वतंत्रता के पूर्व से ही समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्रभावी लेखन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों में सुधार लाने तथा जनता को एकजुट कर आजादी की लड़ाई में एक महत्वपूर्ण स्तंभ एवं माध्यम के रुप में सक्रिय और सकारात्मक प्रणाली के विकास में सहयोगी होने के अवयव पर भी प्रकाश डाला गया।

# बीडीसी मेंबर के घर बर्थडे पार्टी में उड़ीसा की डांसर व गायक को मारी गोली

- स्टेज से उतरने व फरमाइशी गीत के विवाद में डांसर सहित दो को मारी गोली
- घटना को हर्ष फायरिंग बनाने व साक्ष्य मिटाने में बीडीसी मेंबर सहित पांच गिरफ्तार
- सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों को किया गया पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**


अस्पताल में इलालरत गायक


अस्पताल में इलालरत डांसर

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में मंगलवार की रात बीडीसी मेंबर के बेटे के बर्थडे पार्टी में महिला डांसर और गायक को गोली मार दी गयी। डांसर को स्टेज से उतर और फरमाइशी गाने पर डांस करने के विवाद में गोली मारी गयी है। इसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है। घायलों में उड़ीसा के भुनेश्वर निवासी डांसर 23 वर्षीय पुत्री नीनू बेहरा और पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र के गायक बहरामपुर गांव निवासी महेश यादव का 27 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है। इस मामले पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला बीबीसी मेंबर, उनके देवर और रिश्तेदार सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें सलेमपुर गांव निवासी बीडीसी मेंबर नीतू देवी, निवासी मुन्ना कुमार, रणधीर कुमार, पटना के विक्रम थाने के सखावन गांव निवासी मोनू कुमार और संदेश निवासी टेंट के हेल्पर दिनेश कुमार शामिल हैं। नीतू देवी संदेश ब्लॉक की अहपुरा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य हैं।

हालांकि उनके पति रणबीर साह अभी फरार चल रहे हैं। एसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात बीबीसी मेंबर के बेटे का बर्थडे था। उसमें हर्ष फायरिंग हो रही थी। उसमें डांसर और गायक को गोली लगी थी। उसके बाद बीडीसी मेंबर के घरवालों और टेंट वाले सहित अन्य लोगों की ओर से साक्ष्य मिटाने और मामले को कंवर्ट करने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष दीपक कुमार झा के नेतृत्व में टीम द्वारा मामले का खुलासा कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में सभी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना में शामिल बीडीसी मेंबर के पति सहित अन्य लोगों की पहचान और धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है।

# भोजपुर में सड़क हादसे में बाइक शोरूम के स्टाफ की मौत, हंगामा व रोड जाम

## आरा से कोईलवर लौटने के दौरान बालू लदे बेलगाम ट्रक ने रौंदा

- जाम के कारण आरा-पटना फोरलेन पर तीन घंटे बाधित रहा आवागमन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर के समीप बुधवार की दोपहर बालू लदे बेलगाम ट्रक ने बाइक शोरूम के कर्मी को रौंदा डाला। उसमें शोरूम स्टाफ की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृत कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड 10 के निवासी दीपनारायण साह का 28 वर्षीय पुत्र राजनकांत था। वह कोईलवर स्थित एक बाइक शोरूम में काम करता है। उसका परिवार मूल रूप से बिहिया का रहने वाला है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा और जमकर हंगामा किया गया। गुस्साये लोग सड़क पर उतर गये और आरा-पटना फोरलेन को जाम कर दिया। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की जाने लगी। आक्रोशित लोगों द्वारा पुलिस द्वारा जब्त ट्रक को ले जाने से भी रोक दिया गया। लोगों में रोक के बाद भी दिन में बालू लदे ट्रकों के परिचालन से काफी रोष था।

हादसे की सूचना मिलने पर कोईलवर सीओ संजय कुमार सिंह और थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। दोनों अफसरों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन लोग वरीय अफसरों को बुलाने की मांग पर अड़ गये। इस कारण फोरलेन पर करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में शाम करीब पांच बजे दोनों अफसरों के प्रयास के बाद मामला शांत हुआ और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### कोईलवर शोरूम लौटने के दौरान ट्रक ने रौंदा

राजनकांत कोईलवर स्थित एक बाइक शोरूम में काम करता था। मंगलवार दोपहर में वह आरा से नयी बाइक लेकर कोईलवर शोरूम लौट रहा था। उस बीच कोईलवर पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रहे ट्रक द्वारा उसे रौंद डाला गया। ठोकर इतना जबरदस्त था कि शोरूम कर्मी करीब 50 मीटर तक घसीटाता चला गया। उससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में उसकी बाइक के भी परखच्चे उड़ गए।

### 5 साल पहले उसी जगह बड़े भाई की गयी थी जान

बताया जा रहा है कि शोरूम कर्मी राजनकांत के बड़े भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। उसकी मौत भी उसी जगह पर करीब पांच साल पहले हुई थी। बताया जा रहा है कि राजनकांत के भाई मुंशी कुमार उर्फ सुधीर को टाइल्स लदे ट्रक ने रौंद डाला था। ठीक उसी जगह पर पांच साल बाद राजनकांत की भी सड़क हादसे में और ट्रक की चपेट में आने से ही मौत हो गयी। इसकी इलाके में चर्चा चल रही है।

### दो शादियों के बाद भी सुहाग सुरक्षित नहीं

कोईलवर निवासी राजन की पत्नी पुष्पा देवी फिर विधवा हो गयी। दो शादियों के बाद भी उसका सुहाग अखंड और सुरक्षित नहीं रहा सका। ऐसे में वह बेहाल और बदहवास पड़ी है। रो-रोकर उसका बुरा हाल हो गया है। बताया जा रहा है कि पुष्पा की पहली शादी राजन के बड़े भाई सुधीर कुमार उर्फ मुंशी के साथ हुई थी। उसे एक पुत्र भी था। करीब पांच साल पहले मुंशी की सड़क हादसे में मौत हो गयी। उसके बाद परिवार की आपसी सहमति से पुष्पा की शादी राजन से करा दी गयी थी। बुधवार की दोपहर राजन की भी सड़क हादसे में मौत हो गयी।

### प्राथमिक चिकित्सा केंद्र प्रभारी का शराब पीते वीडियो वायरल

**सासाराम।** जिले में एक डॉक्टर का शराब पीते वीडियो वायरल हो रहा। वायरल वीडियो में दिख रहा डॉक्टर जिले के तिलौथू प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी डॉ दयानंद प्रसाद है। उक्त डॉक्टर ना सिर्फ शराब पी रहा, बल्कि पैसे के लेन-देन की बात भी कह रहा। अब वीडियो वायल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही तिलौथू पीएचसी के प्रभारी का नंबर ऑफ है और उनसे संपर्क नहीं हा रहा है। शराब पीते हुए डॉक्टर किसी पैसे कर लेन-देन की बात कर रहा है। वह कहता है हम बहुत पैसा नहीं लेते एक हजार भी ले लेते हैं।इस संबंध में पूछने पर सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने बताया कि तिलौथू पीएचसी के प्रभारी डॉक्टर के वायरल वीडियो की जानकारी मिली है, जिसमें शराब पीने की बात सामने आ रही है। मामले की जानकारी ली जा रही। सिविल सर्जन ने बताया कि तिलौथू पीएचसी में अब एक मात्र डॉक्टर हैं जो प्रभारी भी हैं। दो अन्य डॉक्टर अध्ययन छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में वहां के प्रभारी डॉक्टर दयानंद प्रसाद ने और डॉक्टर की मांग की थी।

# बरजा कांड : जमीनी विवाद में फायरिंग के दौरान गोली से जख्मी अधेड़ किसान की मौत

- फायरिंग के दौरान दो बेटे और एक बेटी को भी लगा था छर्रा, चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के सुंदरपुर बरजा गांव में मंगलवार शाम जमीन विवाद में फायरिंग के दौरान गोली लगने से जख्मी किसान की मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक सुंदरपुर गांव निवासी कवल राय के 55 वर्षीय पुत्र शंकर राय थे। फायरिंग में जख्मी उनके बेटों और बेटी का इलाज चल रहा है। इसे लेकर जख्मी राहुल राय के बयान पर 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस मामले में पुलिस द्वारा अबतक छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनमें कृष्णा राय, रामप्रयाग राय, राधा किशुन राय (दोनों भाई), नीरज राय, भारती राय और मीरा देवी शामिल हैं। मौके से खोखा भी बरामद किया गया था। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 8 कट्ठा जमीन को लेकर सुंदरपुर बरजा गांव निवासी शंकर राय व उनके गोतिया के बीच करीब एक साल से विवाद चला रहा है। मंगलवार की शाम शंकर राय के पक्ष के द्वारा उसी जमीन की जुताई की गयी थी। उसे लेकर देर शाम दूसरे पक्ष की ओर से फायरिंग की गयी थी। घटना के बाद एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उस दौरान छापेमारी कर छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। टीम में बिहिया सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष उदय भानु सिंह, अपर थानाध्यक्ष रामस्वरूप राम और एएसआई योगेन्द्र यादव शामिल थे। बताया जा रहा है कि सुंदरपुर बरजा गांव कीजमीन विवाद का यह बिहिया थाने में चार माह पहले मामला पहुंचा था। उसमें पुलिस की ओर से धारा 107 की कार्रवाई की गयी थी।

### रायफल के साथ बदमाश गिरफ्तार, कारतूस बरामद

**सासाराम।** जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक अंतरजिला अपराधकर्मी की गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तार कैमूर जिले का रहने वाला बताया जाता है जो किसी घटना को अंजाम देने आया था। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसपी आशीष भारती ने बताया कि रोहतास पुलिस को हथियार के साथ चेनारी के मल्हीपुर गांव में अपराधकर्मी के होने की जानकारी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए चोनारी थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद चेनारी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मल्हीपुर गांव की घेराबंदी कर छापेमारी की गई। छापेमारी में एक घर से बृजेश सिंह नामक अपराधकर्मी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति कैमूर जिले के करमचट थाना के बरांव गांव के स्व भोला सिंह का बेटा बताया जाता है।

## आरा के दो हत्या कांड में फरार चल रहे 9 आरोपितों के खिलाफ कुर्की का आदेश

- स्वर्ण व्यवसायी व आकाश पटेल हत्याकांड में आरोपितों पर शिकंजा

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता और जदयू नेता के भतीजा आकाश पटेल की हत्या में फरार आरोपितों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। दोनों मामलों में फरार नौ आरोपितों के खिलाफ कोर्ट द्वारा कुर्की का आदेश जारी कर दिया गया है। इनमें आभूषण कारोबारी हत्याकांड में अमर कुमार सहित तीन, जबकि आकाश पटेल हत्याकांड में विक्की यादव सहित छह आरोपित शामिल हैं। इधर, आदेश मिलने के बाद पुलिस कुर्की की तैयारी में जुट गयी है। माना जा रहा है कि गुरुवार को कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि वारंट का तामिल कराने के बाद पुलिस की ओर से इन सभी आरोपितों के खिलाफ कुर्की के लिए कोर्ट में अर्जी दी गयी थी। उस पर कोर्ट की ओर से बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया। बता दें कि किराये के विवाद में शहर के महाजन टोली निवासी आभूषण कारोबारी हरिजी गुप्ता की दो नवंबर की शाम बलुआही स्थित मार्केट से अगवा करने के बाद हत्या कर दी गयी थी। उस मामले में अमर कुमार सहित छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें पुलिस द्वारा रितेश कुमार और रंजन यादव नामक दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमर सहित अन्य फरार चल रहे हैं। वहीं शीतल टोला में पूर्व के विवाद में जदयू नेता भीम पटेल के भाई व भतीजे को कुछ रोज पहले गोली मार दी गयी थी।

# 15 दिन में चयनित योजनाओं में प्रशासनिक स्वीकृति दें : प्रधान सचिव

- पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव ने की जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा
- पूर्व में स्वीकृत हुई सभी योजनाओं की उपयोगिता मुख्यालय नहीं भेजने पर जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/अरवल**



विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रधान सचिव

जिले में पंचायती राज विभाग के द्वारा कराए जा रहे कार्यों के समीक्षा के लिए पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मिहिर कुमार सिंह बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां सूचना मिलने के आद जिले के पंचायती राज विभाग अधिकारी आननफानन में पहुंचे। जिसके बाद पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव ने अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान पंचायती राज पदाधिकारी से नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि पूर्व में कराए गए योजनाओं का उपयोगिता राज्य में नहीं भेजा गया है। इस वजह से नई राशि आने में देरी हो रही है। जिससे विभाग की योजनाओं में प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण भी जिले का विकास नहीं हो पा रहा है।

15 दिन के अंदर जिले के सभी चयनित योजनाओं में प्रशासनिक स्वीकृति देने का निर्देश दिया। उसके बाद फखरपुर स्थित पंचायत सरकार भवन का निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान प्रधान सचिव भवन के खस्ता हाल पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिसके बाद प्रधान सचिव ने जिला परिषद के कार्यालय में जिला परिषद के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक के दौरान तीन कमरों में चल रहे जिला परिषद कार्यालय को देखकर प्रधान सचिव ने कहा कि जिले में नए जिला परिषद कार्यालय की जरूरत है। इस पर जिला परिषद के सदस्य शाह शाद ने बताया कि भदासी मे एनएच 110 के किनारे सरकारी जमीन है। वहां नया जिला परिषद कार्यालय और नया सरकारी बस स्टैंड बनाया जा सकता है। सचिव ने प्रस्तावित स्थल को दौरा किया और भौतिक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने डीएम को आदेश दिया कि जिला परिषद भवन के लिए डीपीआर बना कर भेजे। जिसके बाद राशि का आवंटन कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर दोनों भवन प्रस्तावित है, वह जगह भवन और कार्यालयों के लिए उयुक्त है। प्रधान सचिव ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों का आरोप है कि बस स्टैंड जिला परिषद के भूमि पर बना हुआ है।

इसलिए वहां से प्राप्त होने वाली राशि जिला परिषद कोष में आनी चाहिए। जिसका जांच कराएं। अगर जिला परिषद के जमीन पर बस स्टैंड होगा, तो बस स्टैंड संचालन का अधिकार जिला परिषद को होगा। जिला परिषद के पास दस करोड़ रुपए पड़े हुए हैं, इससे जिला का समुचित विकास होगा। उन्होंने कहा कि जिला परिषद का भवन भदासी में बनेगा। इसका स्वीकृति जल्द दी जायेगी। जिला में 19 पंचायत सरकार भवन बन गया है। जिसमें पूर्व से 11 बने थे, शेष आठ नए बने हैं। 45 नए पंचायत सरकार भवन बनाया जायेगा। इसके लिए सभी सीओ को जमीन नापी का आदेश दिया गया है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो महिला बुरी तरह जख्मी, इलाजरत

**अरवल।** जिले में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई हैं। पहली घटना बुधवार की शाम की है, जिसमें करपी में घर से टहलने निकली 65 वर्षीय महिला कलावती देवी को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना शाम पांच बजे की है। जिसमें बेटे के साथ अपने मायके से लौट रही बलराम गांव की 35 वर्षीय महिला नागमति देवी को चार चक्का वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। दोनों जख्मी महिलाओं का इलाज चल रहा है। हालांकि, दोनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।

केशव टाइम्स

बक्सर, 17 नवम्बर 2022




## फटाफट खबरें

### फर्जी शिक्षिका गिरफ्तार, भेजी गई जेल

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही फर्जी शिक्षिका प्रतिमा कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उस पर निगरानी विभाग के इंस्पेक्टर ईश्वरी प्रसाद ने मैट्रिक का फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया था। वह मध्य विद्यालय मणियां में पोस्टेड थी। लेकिन पिछले साल एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार चल रही थी। बुधवार को गुप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस ने महिला सिपाहियों के साथ उसे पकड़ जेल भेजा है। सोनवर्षा ओपी के थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उस पर निगरानी विभाग ने एफआईआर दर्ज कराया तथा न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। जिसके आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### डुमरांव के स्टेशन रोड से 34 पीस शराब बरामद

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर नगर के स्टेशन रोड से 34 पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने के पहले ही तस्कर फरार हो गया था। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शराब का एक कारोबारी स्टेशन रोड में शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर वहा एक पुलिस टीम भेजा गया। लेकिन पुलिस के पहुंचने के पहले ही तस्कर फरार हो गया था। उन्होंने कहा कि शराब बरामद करने के बाद पुलिस कारोबारी की शिनाख्त करने में जुट गई है।

### दो शराबी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नावानगर।** जिले के सोनवर्षा ओपी में दो अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने दो शराबियों को धर दबोचा। जिनमें से एक महादेवगंज एवं व दूसरा अमरपुरी से पकड़ा गया। जिनको गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि गिरफ्तार शराबियों में महादेवगंज निवासी पप्पू सिंह तथा बाली गांव निवासी देवेंद्र साह शामिल हैं। इस संबंध में सोनवर्षा ओपी अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर शाम गश्ती के दौरान दोनों शराबी युवक को शराब की नशे में सड़क पर झूमते हुए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों शराबी को गिरफ्तार करने के बाद नवानगर सीएचसी में मेडिकल जांच कराया गया मेडिकल जांच में अब कॉल सेवन की पुष्टि होने के बाद दोनों पर मध निषेध के तहत एफ आइर्ई आर दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# जमीन कारोबार में अपराधियों का दबदबा, शहर में जमीन की खरीद-बिक्री करने से पहले रहें सावधान

- अपराधी चरित्र के लोगों का मोटी कमाई का जरिया बना जमीन
- शहर में बढ़ते जा रहा है जमीन कारोबार में अपराधियों का दबदबा





**केटी न्यूज/डुमराव**

शहर में जमीन की खरीद बिक्री करनी हो तो सावधानी बहुत जरूरी है। वरना जीवन भर की खून पसीने की कमाई अपराधी और गुंडों के घर जाते देर नहीं लगेगा। जमीन कारोबार में अपराधियों का बढ़ता दबदबा भविष्य के दुःखद तस्वीर को रेखांकित करने लगा है। दो दिन पूर्व हुए राहुल यादव की मौत मामले में दर्ज एफआईआर में जमीन कारोबार में हुई हत्या बताया गया है। जमीन कारोबार में हत्या और गोलीबारी का न तो यह पहला मामला है और न ही आखिरी। इससे पूर्व नगर के खिरिया ब्रह्म बाबा के पास जमीन विवाद को लेकर जमकर गोलीबारी हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। इसके बाद भी स्थिति पर लगाम नहीं लग रहा है। शहर में दो दर्जन से अधिक छोटे बड़े अपराधी जमीन कारोबार को अपना मुख्य व्यवसाय बना चुके हैं। यह अपराधी अच्छे भले जमीन को भी विवादित बनाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं।

**बेटियों से जमीन रजिस्ट्री करा लेते हैं आपराधिक प्रवृति के लोग:** कई मामले तो ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें भू स्वामी अपने जमीन पर दखल कब्जा कर निश्चिंत बैठा है। बाद में उसी जमीन पर आपराधिक प्रवृति के लोगों का आना जाना शुरू हो गया। जिसके बाद उसके द्वारा यह बताना शुरू किया कि यह जमीन उनकी हो गई है। ससुराल में बैठी बेटियों से जमीन लिखवा कर या फिर घर के किसी अन्य सदस्य से पेपर तैयार करा कर लाखों के कीमती जमीन पर अड़ंगा लगाते हैं। फिर राइफल पिस्टल का भय दिखाकर जमीन पर दखल कब्जा जमाते हैं। जमीन के क्षेत्र में सक्रिय अपराधी और गुंडों का सीधा संपर्क पुलिस और प्रशासन के पदाधिकारियों से बेहद मधुर है। यह लोग समय समय और पर्व त्यौहार पर पुलिस और पदाधिकारियों को महंगे गिफ्ट और नजराना के साथ भौतिक सुविधाओं की पूर्ति में आगे रहते हैं। जबकि पत्रकार और समाज के प्रबुद्ध लोगों से भी यह बहुत करीब रहते हैं। जो जमीन पर भी बात होने पर बहुत काम आते हैं तथा जरूरत के अनुरूप विवाद में मध्यस्थता की भूमिका निभाते हैं।

**शहर में फिलहाल है भूमि विवाद के 5 दर्जन मामले :** लाखों रुपए की कीमती जमीन पर विवाद के शहर में 5 दर्जन से अधिक मामले हैं। इन सभी मामलों पर गुंडों की पकड़ और सक्रियता काफी मजबूत है। गुंडा प्रवृत्ति के बड़े अपराधी तथा उनके करीबी शहर के चप्पे-चप्पे पर मौजूद हैं। बात चाहे शहर के राजगढ़ चौक की हो या फिर रेलवे स्टेशन मैन रोड शफाखाना रोड जंगल बाजार रोड की हो। अपराधी सभी जगह एक सुनियोजित तरीका तथा संगठित गिरोह के दम पर जमीन विवाद में अपनी झंडा बुलंद किए हैं।

## पैसे की लेन देन में कुख्यात अमित सिंह के चाचा ने चलाई गोली, एक की हालत गंभीर

- इनामी अपराधी के रिश्तेदार द्वारा गोली चलाने की कही जा रही है बात, जांच में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में लेन देन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। डुमरांव में दो दिन पूर्व हुए प्राप्र्टी डीलर की हत्या की शोर अभी थमी भी नहीं है कि बुधवार की शाम बक्सर के व्यस्तम माने जाने वाले अम्बेडकर चौक के समीप गोलीबारी में एक मजदूर समेत दो लोग जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी मजदूर को सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया है। घटना शाम सवा पांच बजे की है। घटना के बाद अंबेडकर चौक तथा आस पास के क्षेत्रों में भगदड़ मच गई। दुकानदार अपनी अपनी दुकानों का शटर गिराने लगे जबकि राहगीर भी भाग खड़े हुए। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। सूत्रों की मानें लेन देन के विवाद से जुड़ा है। सूत्र बताते है कि बक्सर पांडेयपट्टी निवासी व मसाला कारोबारी हिरामन चौबे ने औद्योगिक थाना क्षेत्र के बड़की कोठिया निवासी व इनामी अपराधी अमित सिंह के चाचा राजा सिंह कारोबार के संबंध में तेईस लाख रूपए लिए थे। जिसमें से उसने 16 लाख रुपए लौटा दिए थे। लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी वह अभी साढ़े छह लाख रूपए नहीं दे सका था। जिस कारण दोनों में विवाद चल रहा था।

जानकारों की मानें तो कुछ दिन पहले राजा ने उसकी पिटाई की थी। इसी के बाद बुधवार की शाम दोनों पक्ष पंचायती के लिए अंबेडकर चौक पर जुटे थे। बातचीत के दौरान ही राजा ने दहशत फैलाने के लिए गोली चला दिया। जो पास में खड़े सरेंजा निवासी दिनेश चौहान व पीसी कॉलेज के पास के राहुल कुमार को लग गई। दिनेश की हालत गंभीर है जबकि राहुल को छूकर गोली निकली है। जिससे उसकी हालत खतरे से बाहर है। सूत्रों की मानें तो राहुल पंचायती में शामिल था। जबकि दिनेश का इस विवाद से कोई वास्ता नहीं था। हालांकि प्रथम द्दष्टया नगर थाने की पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। लेकिन सूत्रों बताया कि मामला लेन देन के विवाद का है तथा हिरामन मसाले के कारोबार के अलावे प्रापर्टी डिलिंग का काम भी करता है।

# शराब कारोबारियों का डाटाबेस तैयार कर रही पुलिस, धंधेबाजों पर कसेगी नकेल

## शराबियों से अधिक धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

- शराबबंदी कानून के बाद पुलिस ने पकड़ा करीब 13 हजार लीटर शराब
- 700 से अधिक की हो चुकी है गिरफ्तारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल की पुलिस शराबबंदी कानून को सख्ती के साथ पालन कराने और आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान तेज करने की कवायद में तेजी ला दी है। पुलिस की टीम शराब पीने वालों से अधिक धंधेबाजों पर नकेल कसेगी। इसके लिए अनुमंडल पुलिस थाना क्षेत्र के शराब माफियाओं का डाटाबेस तैयार करने में जुट गई है।

धंधेबाजों को अभियान चलाकर पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी और उनको सजा दिलाने पर अधिक फोकस करेगी। सरकार के निदेर्शों के बाद बक्सर एसपी ने सभी थाना क्षेत्रों के शराब माफियाओं की सूची तलब करने का निर्देश दिया है। डाटाबेस तैयार होने के बाद उसे अपलोड किया जायेगा और एक ही क्लिक में शराब माफियाओं की कुंडली सामने आ जायेगी। पुलिस शराब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए तकनीकी संसाधनों को विकसित और बेहतर बनाकर शराबबंदी कानून पर नियंत्रण करेगी। पुलिस की इकाई तकनीकी संसाधनों के सटीक इस्तेमाल पर फोकस करेगा, जिससे शराब तस्करों और शराबियों पर नियंत्रण आसानी से हो सकेगा तथा शराब से जुड़े धंधेबाजों की गिरफ्तारी किया जा सकेगा।



बरामद शराब की फाइल फोटो

### तकनीकी सेल को बनाया जायेगा और भी कारगर

पुलिस की टीम शहर और ग्रामीण इलाकों में शराबबंदी के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगी। गरीब तबके के लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। पुलिस शराब तस्करों पर नकेल कसने के लिए गश्ती और वाहन चेकिंग बढ़ाने पर ज्यादा फोकस करेगी। इस अभियान के लिए तकनीकी सेल को भी अधिक कारगर बनाया जायेगा। जिससे कम समय में ही शराब से जुड़े धंधेबाजों की शिनाख्त व गिरफ्तारी हो सके। जिससे शराब तस्कर अपने मंसूबे में कामयाब नही हो सके।

### बड़े पैमाने पर बरामद हो चुकी है शराब

एक अप्रैल 2016 को सूबे की सरकार ने शराबबंदी कानून लागू कर लोगों से शराब नहीं पीने की अपील की थी। लेकिन छह वर्षों बाद भी शराब तस्करी नहीं रूक सकी है। लगातार शराब की बरामदगी को लेकर पुलिस ने अपनी मशक्कत शुरू कर दिया तो शराब तस्करों ने नये-नये तरीके इजाद कर पुलिस को चुनौती देने लगे। पिछले छह वर्षों के आंकड़ों पर गौर किया जाये, तो पुलिस ने करीब 13 हजार लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद करने में सफलता पायी है। इस मामले में पुलिस ने शराब के धंधे में शामिल तस्करों और शराब पीने वालों की संख्या मिलाकर 700 से अधिक लोगों को जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस महकमा फरार तस्करों और जेल से छूटे शराब कारोबारियों पर पैनी नजर रखने के साथ ही नई तकनीक के साथ शराब और शराबी पर काबू पाने का फरमान सुनाया है। शराब कारोबार पर नियंत्रण को लेकर पुलिस की टीम पुलिस-पब्लिक मैत्री को बढ़ावा देकर शराब तस्करों की धर-पकड़ में मदद लेगी। शराबबंदी कानून में मदद करने वाले अच्छे लोगों की भी पुलिस जानकारी रखेगी।

### पुलिस को मिलेगी काफी सहूलियत

शराब तस्कर नये तरीके अपना कर शराब बेचने का धंधा करते हैं। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी और शराब की बरामदगी करती है। नई तकनीक से पुलिस को काफी सहूलियत मिलेगी। शराब माफियाओं के डाटाबेस फोटो सहित अन्य मामले ऑनलाइन किया जायेगा।

– कुमार वैभव, एसडीपीओ, डुमरांव

## गड़बड़ी: निर्माण के महज 10 दिनों में ही टूटी सुमित्रा कॉलेज रोड की नाली

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मरम्मत के महज 10 दिनों में ही नाली के टूट जाने से लोगों की परेशानी फिर से बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी सुमित्रा महिला कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को होने लगी है। हालांकि इस नाली के मरम्मत के दौरान ही स्थानीय लोगों ने घटिया निर्माण की आवाज उठाई थी। लेकिन तब नगर परिषद ने इस पर चुप्पी साध ठेकेदार की मनमानी को मौन समर्थन दे दिया था। मामला राज हाई स्कूल के पास एनएच 120 से सुमित्रा कॉलेज के लिए निकल रहे रोड पर स्थित नाली का है। पिछले लंबे समय से यह नाली टूटी थी। जिस कारण लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर गिर रहा था। छठ पूजा से पूर्व नगर परिषद ने इस नाला का मरम्मत कराया था। नाली का गंदा पानी सड़क पर गिरना बंद हो गया था। लेकिन छठ पूजा व्यतीत होने के तीसरे दिन बाद ही यह नाली फिर से टूट गई है। एक बार फिर से लोगों को नाली का गंदा पानी का सामना कर आना जाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी सुमित्रा कॉलेज की छात्राओं को होने लगी है। छात्राओं को नाली के गंदा पानी के सहारे कॉलेज जाना पड़ रहा है। मरम्मत के महज 10 दिनों में नाली टूट जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार का यह नाली प्रत्यक्ष प्रमाण बन गया है। उल्लेखनीय कि छठ पूजा से पूर्व नगर परिषद में नाली गली का मरम्मत तथा सड़क के गड्ढों की भराई का खानापूरी किया है। बताया जाता है कि नगर परिषद द्वारा मरम्मत के नाम पर मोटी रकम निकासी की तैयारी कर ली गई है।



आक्रोशित लोग बोले... डुमरांव नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष प्रमाण बन गई है यह नाली

## लापरवाही बरतने पर जवाहर मध्य विद्यालय की शिक्षिका निलंबित

### शिक्षण कार्य में रुचि नहीं लेने पर डीडीसी ने की कार्रवाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में प्रत्येक बुधवार को पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। इस क्रम में बीते बुधवार को उप विकास आयुक्त डॉ. महेंद्र पाल ने जिला मुख्यालय स्थित जवाहर मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने पर उन्होंने एक सहायक शिक्षिका को निलंबित कर दिया। बताया जाता है कि डीडीसी के निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षिका शारदा देवी बिना सूचना व अनधिकृत रूप से विद्यालय में डेढ़ घंटे विलंब से पहुंची।

जब उप विकास आयुक्त ने शिक्षिका से उनके विषयों से संबंधित सामान्य प्रश्न पूछा, वो जवाब देने में असमर्थ रही। जिसके बाद उपविकास आयुक्त ने उनकी कक्षा के छात्र-छात्राओं से भी सामान्य प्रश्न पूछे, तो अधिकांश बच्चे उन सामान्य प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाए। जिसके बाद उपविकास आयुक्त ने शिक्षिका की जमकर क्लास लगाई। साथ ही, कहा कि शिक्षिका द्वारा शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। जो शिक्षक के कर्तव्य एवं आचरण के प्रतिकूल होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में बड़ी बाधा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपविकास आयुक्त ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को जवाहर मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षिका शारदा देवी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया।

जिसके आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने तत्काल पत्र निर्गत कर दिया। साथ ही निलंबन अवधि में शिक्षिका को चौसा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अपनी ड्यूटी बजानी है। बताया जाता है कि शिक्षिका को जीवन निर्वाहन भत्ता का भुगतान मुख्यालय से प्राप्त अनुपस्थिति विवरणी के आधार पर दिया जाएगा।

## छोटी खबरें

### दो दिवसीय किसान वैज्ञानिक वातालर्प में किसानों को मिली कई अहम जानकारी

**बक्सर।** आत्मा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कृषि वैज्ञानिक व किसानों का वातालर्प बुधवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन किसानों को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी मनोज कुमार ने इसके उदेश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका आयोजन किसान एवं वैज्ञानिकको एक मंच पर लाने के उदेश्य से किया गया था। जिसमें किसानों को रबी फसलों की बुआई तथा प्रबंधन संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई साथ ही किसानों के सवालों का कृषि वैज्ञानिकों ने बखूबी जबाव भी दिया। कृषि पदाधिकारी ने इस कार्यक्रम को किसानों के लिए लाभकारी व उत्पादन बढ़ाने वाला बताया। जबकि केवीके के डॉ. मंधाता सिंह ने कहा कि दलहन एवं तेलहन की बुवाई संबंधित कई जानकारियां दी और किसानों से पंक्तिबद्ध तरिके से बुवाई करने की अपील की। उन्होंने उर्वरक पर चर्चा करते हुए कहा कि संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग लाभदायक सिद्ध होता है। खरपतवार प्रबंधन हेतु पेंडीमेथलीन दवा का प्रयोग प्रशिक्षित विशेषज्ञ के अनुशंसा पर करने का सुझाव भी दिया। पादप रोग विशेषज्ञ रामकेवल द्वारा रबी मौसम में उगाई जाने वाली फसलों में कीट-ब्याधि प्रबंधन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने समेकित कीट-ब्याधि प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, जैविक खेती के नुस्खों से किसानों को अवगत कराया। इस दौरान किसानों के सवालों का जबाव भी कृषि वैज्ञानिक देते रहे। वतालर्प में किसान महेश पाण्डेय, शालीग्राम दूबे, अमरेन्द्र कुमार, सच्चिादानंद शर्मा, फारुक अंसारी, मंजू देवी, सोनी देवी, रमेश मल्लाह,कृष्ण सिंह ललन राम, लालजी प्रसाद, भरत सिंह, उमेश कुमार राम, सुरेश कुमार सिंह, सरयू सिंह, योगेन्द्र कुमार सिंह, रामयश राम सहित अन्य कृषक उपस्थित थे।



किसानों को प्रशिक्षण देते कृषि वैज्ञानिक

### रबी किसान चौपाल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को दी जाएगी जानकारी

**बक्सर।** 15 नवम्बर से पांच दिसम्बर तक जिले के सभी पंचायतों में रबी किसान चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिलें में कृषि के विकास के लिए उपजाऊ मिटटी, पर्याप्त मात्रा में भूगर्भीय जल तथा खेती के अनुकूल जलवायु उपलब्ध है। इसके बावजूद भी अधिकांश फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन राष्ट्रीय स्तर से काफी नीचे है। किसान चौपाल के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा संचालित होने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में किसानों को जानकारी देने की आवश्यकता है ताकि किसान इसका लाभ उठा सकें। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक प्रखण्ड में प्रतिदिन तीन-तीन किसान चौपाल आयोजित होंगे। किसान चौपाल का आयोजन स्थल पंचायत कृषि कार्यालय/पंचायत भवन होगा। प्रत्येक किसान चौपाल दो घंटों का होगा। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को जानकारी दी जाएगी। नुक्कड़ नाटक के उपरांत प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक/कृषि समन्वयक द्वारा योजना से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

# दादु आई लव यू फिल्म में दिखेगी जिले के आर्यन की अदाकारी





- बाल कलाकार आर्यन बाबू की अदाकारी की हो रही है सराहना
- दादा और पोते के अटूट रिश्ते पर आधारित फिल्म दादु आई लव यू

**केटी न्यूज/ डुमरांव/ नावानगर**

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में अब तक आपने रिश्तों पर आधारित कई फिल्में देखी होगी लेकिन अब एक ऐसी फिल्म दर्शकों के बीच जल्द आने वाली है जिसे आप सब दिल से पसंद करेंगे। जी हां हम बात कर रहे है, दादा और पोते के अटूट रिश्ते पर आधारित फिल्म दादु आई लव यू की, जिसका फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के फर्स्ट लुक में आपको दिग्गज अभिनेता अवधेश मिश्र और बाल कलाकार आर्यन बाबू नजर आ रहे है। जिनके अभिनय कला की सराहना दिग्गज कलाकार भी कर रहे है।

यह फिल्म एक दादा और पोते के बीच के गहरे संबंध पर आधारित है। फिल्म को लेकर अवधेश मिश्र ने बेहद ही दिल छू जाने वाली बात कही है। अवधेश मिश्र ने कहा उस घर की नींव कभी कमजोर नहीं होती, जिसके छत को सहारा बुजुर्ग देता है। बचपन भी दो बार आता है जिन्दगी में एक बार, बचपन में आता है और एक बार बुढ़ापे में आता है। दादा और पोते का रिश्ता सबसे प्यारा होता है। दोनों एक दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त होते हैं। एक ऐसी ही भोजपुरी फिल्म दादू आई लव यू आ रही है। जिस का पहला पोस्टर भी मार्केट में आ चुका है। जिस पर लोगों की प्रतिक्रिया भी मिलनी शुरू हो गई है तथा लोग इसके लुक तथा कथानक की काफी सराहना कर रहे है। यह फिल्म एक दादा और पोते के सम्बन्ध में आत्मीयता और लगाव को दशार्ती एक प्रेम कहानी है। कथावस्तु पूरी तरह से मौलिक है और अवधेश मिश्र, आर्यन बाबू, अनीता रावत, महेश आचार्य, अजय सिन्हा, मिंटो, तथा सभी कलाकारों ने अपने चरित्र से न्याय किया है। एक लाइन में कहे तो यह कहानी एक पोते के प्रति एक पिता के अविश्वनीय त्याग की कहानी है।

फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थल भेड़ाघाट और उसके आसपास के लोकेशन और सुन्दर स्थानों पर की गई है। साथ ही नर्मदा रोपवे और कई अच्छे फॉल को भी फिल्म में दशार्या गया है। फिल्म के लेखक निर्देशक मधुसूदन एस. शर्मा है। डीओपी जगमिंदर सिंह हुंडल हैं। संकलन संतोष हरावड़े ने किया है। कला राकेश साह, एक्शन मुकेश राठौड़ और नृत्य महेश आचार्य का है। कॉस्ट्यूम विद्या - विष्णु और पोस्ट प्रोडक्शन आई फोकस स्टूडियो में हो रहा है। फिल्म में दिल छू लेने वाला संगीत अमन श्लोक ने दिया है, जबकि राजेश मिश्र, शेखर मधुर, अरविंद तिवारी और सूरज द्विवेदी गीतकार हैं।

## फटाफट खबरें

### प्रदीप दूबे व संतोष पाठक बने दिल्ली एमसीडी चुनाव के संयोजक

**बक्सर।** दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ भाजपा के खेमे से भी तैयारी जोरों पर हैं। इस क्रम में इसके लिए बक्सर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह बीजेपी के वरीय नेता प्रदीप दूबे व संतोष पाठक को संयोजक बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में एमसीडी चुनाव को लेकर कार्यकताओं की सूची जारी कर दी है। चुनाव की तैयारी में अहम भूका निभाने वाले प्रमुख कार्यकताओं की सूची में सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व जिला प्रभारी, पूर्व विधायक, प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व प्रदेश मंत्री आदि को शामिल किया गया है। इस चुनाव को लेकर बनाये गये संयोजक जिले के बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रदीप दूबे को विशेष तौर पर जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूनार्मेंट में 12 टीमे लेंगी हिस्सा

**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय कबड्डी टूनार्मेंट 2022-23 बुधवार को डीके कॉलेज में शुरू किया गया। उदघाटन कुलसचिव डॉ. धीरेन्द्र कुमार सिंह ने किया। इस टूनार्मेंट में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन आठ टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मौके पर डीके कॉलेज के प्राचार्य रह चुके कुलसचिव को महाविद्यालय के शिक्षकों ने बुके देकर स्वागत किया। उदघाटन मैच जीडी कॉलेज रामगढ़ व एएस कॉलेज बिक्रमगंज के बीच खेला गया, जिसमें रामगढ़ की टीम विजयी रही। वहीं दूसरा मैच जैन कॉलेज आरा और महाराजा कॉलेज आरा के बीच खेला गया। तीसरा मैच वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय व एसवीपी कॉलेज भभुआ के बीच खेला गया। जिसमें विश्वविद्यालय की टीम विजयी रही। अंतिम मैच एसबी कॉलेज आरा एवं जगदेव मेमोरियल कॉलेज कुदरा के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में एसबी कालेज आरा ने जीत हासिल की।

### बक्सर एसपी ने ठंड में गश्ती तेज करने का दिया निर्देश

**डुमरांव ।** ठंड का सीजन शुरू होते ही चोरी की वारदातें बढ़ जाती हैं। लेकिन बक्सर एसपी नीरज कुमार सिंह ने इस बार ठंड शुरू होते ही पुलिस ने रात 12 से सुबह 5 बजे तक गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है। गश्त करने वाले दल की निगरानी करने के लिए तीन नाइट ऑफिसरों की ड्यूटी लगाई है। गश्त करने वाले स्टाफ को हर आधे घंटे में अपनी लोकेशन थाने के ग्रुप में अपडेट करनी पड़ रही है। इसके अलावा सीसीटीवी कंट्रोल रूम में बैठने वाले कर्मचारी को भी शहर की हर गतिविधि की जानकारी देनी पड़ रही है।

# कोरोना काल की तरह टीबी मुक्ति के लिए भी फिर एक साथ खड़े हों जिलेवासी : विधायक

- राजपुर विधायक ने निक्षय मित्र की सहमति देने के बाद जिले के लोगों से की अपील
- टीबी मरीजों की मदद कर जिले को टीबी मुक्त बनाने में करें सहयोग

**केटी न्यूज/बक्सर**



विधायक विश्वनाथ राम के साथ टीबी सेंटर के कर्मचारी

जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से निक्षय मित्र योजना के तहत लोगों को जोड़ने का कार्य तेज हो गया है। इस क्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों ने सबसे पहले पहल करते हुए इस दिशा में कदम बढ़ाया है। हालांकि, जिलाधिकारी अमन समीर के निर्देशन पर जिला यक्ष्मा के कर्मचारी जनप्रतिनिधियों, गैर सरकारी संस्थानों और जिले में कार्यरत प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों से संपर्क कर उन्हें निक्षय मित्र बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस क्रम में अब राजपुर विधानसभा के विधायक विश्वनाथ राम ने भी अपनी सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि विभाग की इस योजना से टीबी के उपचाराधीन मरीजों को काफी मदद मिलेगी।

साथ ही, बक्सर जिला टीबी मुक्ति की दिशा में अग्रसर होगा। विधायक विश्वनाथ राम ने जिले के लोगों से टीबी मरीजों की मदद को आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस प्रकार से सभी सामर्थ्यवान लोगों ने एक साथ खड़े होकर जरूरतमंदों की मदद की थी, ठीक उसी प्रकार से अब टीबी मरीजों की बेहतरी के लिए सभी को एक जुट होना होगा। ताकि, समाज से इस गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके।

### जनप्रतिनिधियों में निक्षय मित्र योजना को लेकर खासा उत्साह

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सीडीओ डॉ. अनिल भट्ट ने बताया, जिले के जनप्रतिनिधियों में निक्षय मित्र योजना को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। अब तक आधा दर्जन लोगों ने इस योजना को लेकर अपनी सहमति जताई है। जिनमें ब्रह्मपुर विधानसभा के विधायक शंभू नाथ यादव, राजपुर विस के विधायक विश्वनाथ राम, इटाढ़ी के जिला परिषद सदस्य मुहम्मद अरमान, राजपुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख सुनील कुमार गुप्ता, ब्रह्मपुर प्रखंड स्थित कैथी पंचायत के मुखिया कुंदन सिंह, वेद वाटिका के प्रोपराइटर सत्य प्रकाश व सिमरी प्रखंड के समाजसेवी सह पेट्रोल टंकी के प्रोपराइटर सुनील राय ने निक्षय मित्र योजना को लेकर अपनी सहमति जताई है। जिनमें से कुछ का निक्षय मित्र के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन भी हो चुका है। शेष लोगों के निबंधन करने की प्रक्रिया चल रही है।

### टीबी के लक्षण वाले मरीज अनिवार्य रूप से कराएं जांच

एसटीएलएस गौरव कुमार ने बताया, राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुरू हुई यह योजना टीबी मरीजों को मानसिक, आर्थिक और सामाजिक सहयोग पहुंचाते हुए उनका इलाज करने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत टीबी मरीजों को इलाज के साथ निक्षय मित्र से एक भावनात्मक जुड़ाव भी होगा। जो उनके जल्द ठीक होने की दिशा में कारगर साबित होगा। उन्होंने बताया कि ये सारी व्यवस्थाएं टीबी मरीजों के लिए शुरू की गई हैं। लेकिन इससे पहले टीबी मरीजों को भी जागरूक होना होगा। इस योजना के लाभ सिर्फ उन्हीं मरीजों को मिलेगा, जिन्होंने इसके लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हों। जिन मरीजों ने सहमति पत्र पर अब तक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया हो, वो अपने इलाके के एसटीएस से मिलकर इस प्रक्रिया को जल्द पूरा कर लें।

## डुमरांव विधायक ने एमडीएम बनाने वाली एनजीओ के रसोई का किया निरीक्षण

# विधायक ने चखा मध्याह्न भोजन, गुणवत्ता देख जताई नाराजगी बोले मंत्री को बताएंगे

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

डुमराव विधायक डा अजीत कुमार सिंह ने सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना के तहत खाना बनाने वाली वाली स्वयं सेवी संस्था उज्जवल सवेरा समिति के खलवाइनार स्थित रसोई का औचक निरिक्षण किया। विधायक ने एनजीओ के कर्मी से मेनू के मुताबिक बने खाना को मांग कर चखा और उपस्थित लोगों को भी चखाया। मीनू के अनुसार खिचड़ी चोखा जरूर बना था परन्तु दोनों ही गुणवत्ता के अनुरूप नहीं थे। विधायक ने बताया कि डुमराव नगर के महाजनी मध्य विद्यालय का निरिक्षण किया था। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने शिकायत की थी कि एनजीओ द्वारा विद्यालय को दिए गए खाने की गुणवत्ता बेहद खराब रहती है। जिससे बच्चे कई बार खाने से भी इंकार कर देते हैं तो कई बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गयी है। लेकिन एनजीओ पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।



एमडीएम के रसोई का निरीक्षण करते विधायक

### छात्रों को पौष्टिक भोजन के द्वारा देना है स्वास्थ्य लाभ

उन्होंने कहा कि एमडीएम योजना का उद्देश्य स्कूलों में छात्रों की प्रवेश संख्या में वृद्धि करना, छात्र-छात्राओं का ठहराव, नियमित उपस्थिति में बृद्धि करना तथा छात्रों को पौष्टिक भोजन के द्वारा स्वास्थ्य लाभ देना है। लेकिन, अधिकारियों और एनजीओ की मिलीभगत से धरातल पर इसका लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से इसकी शिकायत करने तथा विधान सभा में सवाल उठाने की बात कही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों बक्सर के सरकारी विद्यालय में एमडीएम योजना के तहत खाना बनाने वाली वाली स्वयं सेवी संस्था उज्जवल सवेरा समिति द्वारा दिए खाने में उबला हुआ मेढ़क और मकड़ी मिल चुकी है। इस कारण भी विधायक काफी सख्त दिखे। इस दौरान विधायक के साथ निजी सहायक नासिर हसन, माले के डुमरांव प्रखंड सचिव सुकर राम, नीरज कुमार, सुरेंद्र प्रसाद संस्था के मैनेजर व अन्य लोग उपस्थित थे।

### ♦ गुणवत्ता पर उठाए कई सवाल



### स्वयं सेवी संस्था पर कार्रवाई करने का निर्देश

मामले में नाराजगी जताते हुए विधायक ने कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चों को खराब गुणवत्ता वाला खाना परोसे जाने का मामला सामने आने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मिड डे मील बनाने वाली स्वयं सेवी संस्था पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। यह भी निर्देशित किया गया है कि एमडीएम का वितरण करने वाली संस्था के रसोई पर समय-समय पर औचक छापा मारकर खाद्य उत्पादों के नमूने एकत्रित करें और विस्तृत जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजी जाए तथा दोषी पाए जाने पर एनजीओ पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## निरीक्षण के दौरान जवाहर मध्य विद्यालय के बाहर गंदगी देख भड़के डीडीसी

- सिटी मैनेजर से कराई स्कूल के बाहर की गंदगी की सफाई

**केटी न्यूज/बक्सर**



उपविकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल ने बुधवार को जवाहर मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां स्कूल परिसर में घुसते से पहले सड़क पर उन्हें गंदगी का अंबार दिखा। जिसे देख वह भड़क उठे। स्कूल परिसर के बाहर गंदी को लेकर उन्होंने नगर परिषद के सीटी मैनेजर को तत्काल मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। जिसके बाद सिटी मैनेजर ने वहां की गंदगी व कचरों की सफाई कराई। जिसके बाद वह स्कूल की कक्षाओं में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से बच्चे और शिक्षक से देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का नाम पूछा। कई बच्चों ने गलत उत्तर दिया। जिसके बाद उनहोंने शिक्षिका पर कार्रवाई की। तत्पश्चात वो अंबेडकर छात्रावास पहुंचे। जहां निरीक्षण के दौरान छात्रों से बातचीत की। वही उप विकास आयुक्त बक्सर के द्वारा बक्सर प्रखण्ड के नगर परिषद बक्सर के वार्ड संख्या 01 से वार्ड संख्या 14 तक विभिन्न योजनाओं की जांच की गयी। डीडीसी के साथ ही साथ बुधवार को जिले के सभी प्रखंडों के कुल 34 पंचायतों में प्रशासनिक अधिकारी सरकारी योजनाओं की जांच करने पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने मिली खामियों को दूर करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने आवंटित पंचायत के विभिन्न योजनाओं में हर घर नल का जल, घर तक पक्की नली की योजनाएं, विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, चिकित्सा केन्द्र, लक्षित जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच की।

## कर्तव्य की बलिवेदी पर चढ़ा जिले का एक और लाल, पार्थिव शरीर आते ही छलकी आंखें

- काश्मीर में पोस्टेट थे छोटकी बसौली के अक्षयबर यादव
- हार्ट अटैक आने से हुई मौत, पिता का इकलौता संतान था मृतक

**केटी न्यूज/ डुमरांव**



जिले का एक और लाल देश सीमा की रक्षा करते हुए शहीद हुआ है। शहीद जवान औद्योगिक थाना क्षेत्र के छोटकी बसौली निवासी व बीएसएफ का हेड कांस्टेबल अक्षयबर यादव (45 वर्ष) कर्तव्य पथ की बलिवेदी पर चढ़ गया है। मंगलवार को सुबह साढ़े नौ बजे ड्यूटि के दौरान ही हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई है। उसकी पोस्टिंग काश्मीर के पंथा चौक पर थी। वह बीएसएफ 33 वी बटालियन में पोस्टेड था तथा दो दिन से तबीयत खराब चल रही थी। उसके परिवारिक सूत्रों ने बताया कि मृतक अपने पिता सुखराम यादव का इकलौता संतान था तथा उसे दो पुत्र व एक पुत्री भी है। घटना के जानकारी मिलने के बाद से ही मृतक की पत्नी रीना देवी, पिता समेत पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। उसके पिता भी बीएसफ से रिटायर्ड हुए है। उसके करीबी रिश्तेदार पिंटू यादव ने बताया कि बुधवार को उसका शव पैतृक गांव छोटकी बसौली लाया गया। जहा परिजनों को अंतिम दर्शन कराने के बाद बक्सर स्थित मुक्ति धाम चरित्रवन में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उसके बटालियन से आए जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अक्षयबर की मौत की खबर से छोटकी बसौली में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों की मानें तो वह काफी मिलनसार व व्यवहार कुशल था तथा छुट्टियों में जब गांव आता था तो सबके प्रति समादर रखता था। जिस कारण इस घटना के बाद पूरा गांव मर्माहत है।

## छोटी खबरें

### मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश का विकास नहीं हो सकता है : सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज



**बक्सर।** वृन्दावन श्री आनंदधाम के प्रमुख सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज ने कहा कि मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश का विकास नहीं हो सकता है। यह पद्धति केवल तनाव व बिखराव ला रही है। हमें जीविका के साथ जीवन जीने वाली शिक्षा चाहिए। सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के संयोजन में आयोजित सनातन संस्कृति समागम के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के बिना विकसित भारत की कल्पना करना अधूरी है। सनातन संस्कृति हमें एकजुट करती है और विघटन से हमें दूर रखती है। देश में शिक्षा के विकास के लिए सनातन बोर्ड का निर्माण किया जाए। मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश का विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि संघर्ष में जीवन नहीं है। आनंद में जीवन समाहित है। हम यदि खुश रहेंगे, तभी अपने जीवन को बेहतर तरीके से सुखमय रहकर जी सकते हैं। श्रीराम कर्मभूमि बक्सर में आने पर केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने उनका स्वागत किया। सदगुरु ऋतेश्वर अपने ओज पूर्ण प्रवचन के लिए जाने जाते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने समागम में सहयोग के लिए जिलेवासियों का किया आभार व्यक्त

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री सह सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने सनातन संस्कृति समागम के सफल आयोजन के लिए सहयोग देने हेतु बधाई दी है, आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से भगवान श्रीराम की कृपा, हनुमानजी की अनुकम्पा व संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति समागम राम राज की ओर सफल रहा है। मुझमे राम ने बक्सर को राममय बना दिया। कार्यक्रम की संरचना के समय ध्यान में यह जरूर था कि समागम बेहतर करना है। लेकिन इतना दिव्य व भव्य होगा, अनुमान नहीं था। यह भगवान की कृपा है। श्रीलंका, मॉरीशस, इंडोनेशिया, नेपाल, थाईलैंड से प्रतिनिधि आई। भारत के सभी राज्यों से प्रतिनिधि आए। 9 दिनों मे लाखों श्रद्धालु यहाँ आए। मैं बक्सर की जनता को बधाई देता हूं। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने सभी कार्यकताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### डुमरांव व नवानगर मैं जदयू का सांगठनिक चुनाव संपन्न नई कमेटी का हुआ गठन

**डुमरांव/नावानगर।** बुधवार को डुमरांव व नावानगर में जदयू का सांगठिनक चुनाव संपन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव में नगर व प्रखंड के नई कमिटि का गठन किया गया। नगर कमिट का चुनाव प्रभारी नथुनी प्रसाद खरवार व उत्तम तिवारी के पयवेक्षण में जबकि प्रखंड का चुनाव संजय सिंह के देखरेख व अरूण कुमार कुशवाहा के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। जिसमें गोपाल प्रसाद गुप्ता को नगर तथा अजय चंद्र लोदी को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान वीरेन्द्र कुशवाहा, नंदजी गांधी, मुख्तार अंसारी, संजय चंद्रवंशी, महेन्द्र राम, बिजली राम, रजनी चौधरी, मुनी देवी, पुष्पा देवी, पूनम देवी, गोरख चौधरी, सुनील सिंह, रामजी चौधरी, श्रीभगवान गुप्ता, श्रीनिवास कुशवाहा, बिनोद सिंह, संजय राय, अजय राय, दिनेश सिंह, शिवयोगी शर्मा, गुरूदयाल सिंह, जितेन्द्र पाल, भीम कुशवाहा, सत्यानंद सिंह, हरेन्द्र यादव, विजय यादव, अमरदीप राम, अमरेन्द्र केवट, बिनोद सिंह, रामचंद्र सिंह आदि उपस्थित थे। वही नावानगर प्रतिनिधि के अनुसार सत्यानंद कुशवाहा को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान पार्टी के चुनाव अधिकारी नरेन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक संतोष चौधरी के साथ सरदार सिंह कुशवाहा, मोहन गुप्ता, लडन अंसारी, अशोक सिंह, भृगुनाथ रजक, हरेन्द्र सिंह, बलिराम सिंह, बिनोद चौबे, उपेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दलित बस्ती में नहीं है शराबबंदी का असर, घरों के आगन में हो रहा देशी शराब निर्माण

**डुमरांव।** अनुमंडल के दलित ब मुसहर टोली शराब बंदी असर नही दिख रहा है। जिसका सीधा आरोप ग्रामीणों के द्वारा उत्पाद विभाग पर लगाया जा रहा है। ग्रामीण उत्पाद विभाग को फेलुवर मान रहे है। जिसका परिणाम है कि समय-समय पुलिस के भठ्ठियां ध्वस्त होती रही है या अर्द्धनिर्मित शराब मिलता रहता है। जानकारों की मानें अनुमंडल के विभिन्न इलाकों में देशी शराब की स्पलाई होती है। जिसको लेकर कई बार पकड़े गये तस्करों ने खुलासा भी किया है। हलांकि जो सबसे चौकाने वाली बात सामने आई है उसमें देशी शराब के धंधे में महिलाए ज्यादा कारोबार कर रही है। पिछले एक साल में ध्वस्त की गई भठ्ठियां। हलांकि स्थानीय पुलिस ने इसे रोकने लिए हमेशा प्रत्यासरत है। प्रतिदिन छापेमारी होती भी है। तस्करों की गिरफ्तारी भी होती है। परन्तु धंधेबाज जेल जाने के बाद तुरंत ही जमानत पर बाहर आ जाते है। उसके बाद और दुगने रफ्तार में धंधे में जूट जाते है। कई गांव ऐसे भी है जहां बाप-बेटा, पत्नी, मां व बेटी भी इस धंधे में जुड़ी है।

# आज लिट्टी चोखा के भोज के साथ संपन्न होगी पंचकोशी यात्रा

**केटी न्यूज/बक्सर**



- चौथे दिन उद्दालक त्रिषि के आश्रम पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था

गुरूवार को पंचकोसी यात्रा संपन्न हो जाएगी। अंतिम दिन बक्सर के चरित्र वन में श्रद्धालुओं द्वारा परंपरागत तरीके से लिट्टी चोखा खा इस परिक्रमा को पूरा किया जाएगा। पंचकोशी के अंतिम दिन हजारों की संख्या में शामिल होते है। मान्यता है कि सिर्फ पांचवे दिन भी इस यात्रा में शामिल होने से पंचकोशी का लाभ मिलता है। पूर्व संध्या से ही बक्सर में लोग पंचकोसी में शामिल होने के लिए जुड़ने लगे थे। जबकि लिट्टी चोखा बनाने वाले सामग्रियों की कीमत में भी बेतहाशा वृद्धि देखी गई। सबसे अधिक महंगा बैगन व टमाटर बिका। बक्सर में हजारों की संख्या में दूर दूर से श्रद्धालु पंकोशी मनाने आए है। सुबह से ही चरित्र वन के साथ शहर के अलग अलग हिस्सों में गोईठे पर लिट्टी चोखा बनाने की परंपरा शुरू होगी जो देर रात तक चलेगा। मान्यता है कि पंचकोशी परिक्रमा के अंतिम दिन भगवान श्रीराम अपने गुरू विश्वामित्र और भाई लक्ष्मण के साथ चरित्रवन में ही रूके थे तथा उन्हें लिट्टी चोखा खिलाया गया था। इस दिन जिले के सभी घरों में लिट्टी चोखा बनाया जाता है।

जिले की इस चर्चित परंपरा में शामिल होने के लिए बिहार के कई जिलों के साथ ही पड़ोसी यूपी के बलिया, गाजीपुर, मउ, बनारस आदि जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बक्सर में लिट्टी चोखा खाने आते है। कई लोग तो एक दिन पहले से ही अपने रिश्तेदारों के घर त्रेता युग से चली आ रही इस परंपरा में शामिल होने के लिए पहुंच जाते है। वही जिले के दूसरे प्रखंडो के वैसे लोग जो बक्सर नहीं आ पाते है वे भी अपने घरों में इस दिन लिट्टी चोखा बनाकर खाते है।

**नुआंव स्थित उद्दालक ऋषि के आश्रम पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था**

:इसके पहले चौथे दिन पंचकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था नुआंव स्थित उद्दालक ऋषि के आश्रम में पहुंचा। जहा परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना के बाद खिचड़ी का प्रसाद खाया गया। श्रद्धालु पूरी रात विश्राम के बाद यही से गुरूवार को सुबह बक्सर के लिए रवाना होंगे। वही सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने भी बक्सर में सार्वजनिक लिट्टी चोखें के भोज का आयोजन किया है। जिसमें सामाजिक सरोकार से जुड़े सैकड़ो लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## फटाफट खबरें

### कारोबारियों ने नवागत एसपी का किया स्वागत

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश व्यापारी व्यापार और सराफा व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नवागत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह से मिला। इस दौरान बुके देकर उनका स्वागत किया। एसपी से वार्ता करते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष अबू फखर खान, जिला उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल प्रिंस, जिला महामंत्री श्रेप्रकाश केशरी, युवा जिलाअध्यक्ष सुधीर केशरी, युवा जिला महामंत्री बेलाल, पप्पू सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनूप वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, मो. इरफान अंसारी, नंदू गुप्ता, सोनी गुप्ता, सलीम अंसारी आदि शामिल रहे।

### सोलर पैनल चोरी करने वाला चोर धराया, साथी फरार

**बलिया।** जिले के बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के दिउली गांव में मंगलवार की रात सोलर पैनल खोलने पंहुचे चोरों को ग्रामीणों ने घेरकर एक चोर को पकड़ लिया। जबकि उसके साथी वहां से अंधेरे में भाग निकले। दिउली गांव के प्रभुनाथ सिंह के घर के लोगों को मंगलवार की देर रात घर के बाहर कुछ आवाजे सुनाई दी तो उन्होंने आस पास के लोगों को फोन कर इसकी जानकारी दी। जिसमे बाद ग्रामीणों ने आपस मे विमर्श कर एक साथ सोलर पैनल खोल रहे चोरों को घेरने का प्रयास किया। जिसमें बाकी चोर तो अंधेरे में भाग निकले जबकि एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। इसके बाद पकड़े गए चोर की धुनाई हुई जिसमें उसकी पहचान अनूप गोंड़ निवासी फुलवरिया के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। थानाध्यक्ष राजकपूर सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर पकड़े गए चोर व उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

### साइबर अपराधियों ने किश्तों में निकाली राशि

**बलिया।** जिले के रेवती थाना क्षेत्र के हड़िया कला गांव की एक महिला के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने पांच बार में ढाई हजार रुपये निकाल लिया। महिला ने जब अपनी मोबाइल को खोला, तो उसे गायब रकम के संबंध में जानकारी मिली। बताया जाता है कि हड़ियांकला गांव की संगीता देवी का खाता स्थानीय नगर के स्टेट बैंक में संचालित है। इस खाते से बीते 11 नवंबर को अपराधियों ने 500, 300 तथा 700 रुपए के हिसाब से 1500 रुपए निकाल लिए।

# एसपी ने बच्चों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ, हेल्पलाइन नंबर से भी कराया अवगत

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए मीरनपुर सक्का (बुजुर्गा रोड) स्थित एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम के तहत बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्हें इन नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों द्वारा यातायात नियमों से संबंधित एक-एक कर कई सवाल भी पुलिस अधीक्षक से पूछा। छात्रों की उत्सुकता को देखते हुए इसका जवाब एसपी द्वारा दिया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न पुलिस हेल्प लाइन नंबरों को वहां उपस्थित छात्र -छात्राओं को बताया गया। साथ ही उसके प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान साइबर अपराध तथा उससे बचने के उपाय और सोशल मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्वक करने के लिए भी बच्चों को जागरूक किया गया।



बच्चों को जानकारी देते एसपी


एसपी से सवाल करता छात्र

# 51 जरूरतमंद बच्चों को मिला स्मार्टफोन प्रबंधक बोले- सरकार का कदम सराहनीय

- लंबे इंतजार के बाद स्मार्टफोन पाकर जिले के छात्र-छात्राओं का खिले चेहरे
- जिले के विभिन्न कॉलेजों में स्मार्टफोन का किया गया वितरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के सेवराई तहसील क्षेत्र के गहमर गांव स्थित राम- रहीम महाविद्यालय में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद ने छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया। लंबे इंतजार के बाद स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं चेहरे खिल उठे। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क छात्र-छात्राओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है, जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील किया कि स्मार्टफोन का वितरण पढ़ाई के कार्य के लिए करें। इसका दुरुपयोग न करें। वर्तमान शिक्षा अब इंटरनेट के माध्यम से प्रदान की जाने लगी है, ऐसे में छात्र-छात्राओं के पास स्मार्टफोन की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्रबंधक कर्नल रणजीत उपाध्याय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जहां एक ओर गरीबों को फ्री राशन दे रही है।

वहीं, जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को भी शिक्षा क्षेत्र में बढ़ने के लिए फ्री स्मार्टफोन योजना प्रारंभ की है, जो सराहनीय है। उन्होंने बताया कि कुल 51 छात्र- छात्राओं के बीच स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. एके श्रीवास्तव, डॉ. संतोष उपाध्याय, सुशील राय, विनोद सिंह, शशिकांत उपाध्याय, अरविंद सिंह, शशि खरवार, राम गोविंद, नागेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।





### एलजी मनोज सिन्हा के पुत्र ने किया स्मार्टफोन व टैबलेट का वितरण

**गाजीपुर।** निरंजन महाविद्यालय मुस्तफाबाद बिजौरा गाजीपुर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित युवा सशक्तिकरण अंतर्गत स्मार्टफोन/ टैबलेट वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा (युवा भाजपा नेता) एवं नोडल अधिकारी अनुराग राय (खंड विकास अधिकारी बिरनो) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के अध्यक्ष पेशकार सिंह ने किया। अतिथियों की उपस्थिति में छात्रों को स्मार्टफोन एवं टेबलेट का वितरण किया गया। लंबे समय से इंतजार कर रहे छात्रों को जब अतिथियों ने एक-एक कर स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया तो उनके चेहरे खिलखिला उठे। महाविद्यालय में कुल 146 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन एवं टैबलेट का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, प्रधानाचार्य प्रमिला सिंह, राजेंद्र चौबे, मंगला सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अभय सिंह, मनोज कुमार सिंह, अरविंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गौरवान्वित हुआ गाजीपुर, राष्ट्रपति से मिले डालिम्स सनबीम स्कूल के बच्चे

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर एक बार फिर गौरवान्वित हुआ जब राष्ट्रपति भवन में आयोजित "बाल दिवस" पर जनपद के डालिम्स सनबीम स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की और अपने मन की जिज्ञासा को दूर किया। राष्ट्रपति से संवाद कर बच्चे काफी प्रफुल्लित हैं। राष्ट्रपति ने भी उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी हिस्सा लेने की सीख दी। इस दौरान राष्ट्रपति भवन व संसद भवन का भी भ्रमण किया। यह जिले के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रपति भवन के सेंट्रल हाल में आयोजित बाल दिवस पर कार्यक्रम के लिए जिले के सनबीम स्कूल के बच्चों का चयन किया गया था।



स्कूल की डायरेक्टर एकता अखंड राय, शिक्षक कमलेश सिंह के साथ छात्र अभ्युदय प्रताप, निवेदिता प्रधान, आदर्श राय व सौम्या राय कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बच्चों ने बताया कि राष्ट्रपति प्रोटोकाल तोड़कर उनके बीच आ गयीं और संवाद किया। अभ्युदय प्रताप व निवेदिता ने राष्ट्रपति से पूछा कि आपको महामहिम के पद पर आने के बाद कैसा लगा? तो उन्होंने जवाब दिया बिल्कुल, बहुत अच्छा लगा। फिर बच्चों ने सफल होने के बाद कैसा महसूस करतीं हैं। जवाब दिया सफलता का कोई अंत नहीं है। राष्ट्रपति ने सीख दी कि आप बच्चे आगे बढ़ते जाइए। आपका बचपन कैसा के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं भी आपकी तरह बगीचों और मिट्टी में खेला करती थीं। आज की तरह अच्छे स्कूल नहीं थे। उन्होंने बच्चों को मेहनत की सीख दी। साथ ही शिक्षकों से बच्चों को रोचक तरीके से शिक्षण कार्य कराने के साथ ही शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# सीएसपी संचालक को लूटने के प्रयास में अपराधियों ने मारी गोली

**केटी न्यूज/मऊ**

जिले के मोहम्मदाबाद थाना अंतर्गत गोहना क्षेत्र स्थित बनियापार के यूबीआई बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक को लूटने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक को गोली मार कर उसे लूटने का प्रयास किया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए जख्मी संचालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। संचालक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताया जाता है कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र में यूनियन बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक प्रमोद श्रीवास्तव (55 वर्षीय) अपने दुकान पर बैठे थे। तभी एक बाइक पर सवार होकर दो नकाबपोश अपराधी उनके केंद्र पर पहुंचे। जिन्होंने केंद्र में घुसते ही रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश की। लेकिन, अपराधियों की हरकत को भांपते हुए संचालक ने बैग को उनके हाथों से छीनने की कोशिश। जिस पर नाराज होकर एक नकाबपोश अपराधी ने उसपर गोली दाग दी। जिसके कारण वो जख्मी हो गया। हालांकि, गोली उसके सिर को छुते हुए निकल गई। जिसके कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गया। लेकिन, स्थिति को भांपते हुए दोनों नकाबपोश अपराधी वहां से भाग निकले। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। जिसके बाद केंद्र पर लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां आ पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया।



## छोटी खबरें

### दो मवेशियों के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार



**गाजीपुर।** जिले की भांवरकोल पुलिस ने एक पशु तस्कर को दो मवेशियों के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा भी बरामद किया है। बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर मच्छटी चौकी प्रभारी उ.नि. ओमकार तिवारी ने अपने जवानों के साथ अवथहीं मोड से पहले बना ब्रेकर के पास आम्बेडकर नगर जिले के अकबरपुर थाना अंतर्गत सिसनी अखईपुर निवासी हरिशचन्द्र निषाद के बेटे प्रमोद कुमार को गाड़ी जब्त करते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी ने बताया कि पिकअप पर लदे दो गोवंश को तस्करी के लिए बिहार ले जा रहा था। जब जवानों ने उसकी तलाशी ली, तो उन्हें उसके पास से अवैध तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए। जिसके बाद उसपर सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी प्रक्रिया करते हुए चलान कर दिया गया।

### रंग ला रही ओवैसी व हाजी शौकत अली साहब की मेहनत, शमीम खान के नेतृत्व में बढ़ता जा रहा कारवां



**बलिया।** एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान के नेतृत्व में रसड़ा में सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने पार्टी का दामन थाम लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद शमीम खान साहब ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हालात बदल चुके हैं,लोगों को भड़काने और बहकाने वालों की पोल खुल चुकी है। लोग तेजी से एआईएमआईएम पार्टी से जुड़ रहे हैं,बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और हाजी शौकत अली साहब की मेहनत रंग ला रही है। इस अवसर पर पूर्वांचल के सचिव कालिका प्रसाद जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,अल्ताफ हुसैन नौशाद अहमद, आफताब अहमद, फिरोज आलम, मुमताज भाई, इरफान अली, वाहिद अली, अतीक अहमद, इजहारूल हसन, शाहीन अहमद, मोहम्मद हसन, वसीम मोहम्मद, अफजाल अहमद, मोहम्मद राजू, अब्दुल्लाह अंसारी, तबरेज अंसारी, इरफान अहमद, वसीम अंसारी, अतीक अहमद, मोहम्मद शब्बीर, सहित बड़ी तादाद में लोग शामिल रहे।

### अपराधियों ने ददरी मेले के साइकिल स्टैंड संचालक को चाकू मारकर किया घायल



**बलिया।** शहर के शनिचरी मंदिर के पुरब लगने वाले ऐतिहासिक ददरी मेले में बदमाशों ने साइकिल स्टैंड संचालक को बीती रात चाकू मारकर घायल कर दिया। आननफानन में लोगों ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायल युवक सहोदरा निवासी राहुल राय के अनुसार मंगलवार की देरात वह साइकिल स्टैंड बंदकर घर लौट रहा था, तभी चार की संख्या में आए युवकों ने लाठी डंडे से मारने के साथ चाकू मारकर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते तब तक हमलावर मौके से फरार हो गए। इस मामले में बुधवार को पीड़ित राहुल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। उधर, शहर कोतवाल प्रवीण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

### मंगल पांडेय ने शास्त्र पढ़ना छोड़, शस्त्र उठाया और ब्रिटिश हुकूमत को हिला डाला था: पुष्पेंद्र

**बलिया।** अमर शहीद मंगल पांडेय के पैतृक गांव में बने स्मारक स्थल पर बुधवार को पहुंचे राष्ट्रीय चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने मंगल पांडेय की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर शहीद को नमन किया। इंटर कॉलेज नगवा परिसर में पहुंचकर बने स्मारक पर भी श्रद्धा के फूल चढ़ाए। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने स्मारक की दयनीय स्थिति की चर्चा करते हुए कहा कि लगता है कि अर्से से यहां कोई अधिकारी या नेता आया ही नहीं है। मंगल पांडेय की जन्मतिथि को लेकर पैदा हुए विवाद पर कुलश्रेष्ठ ने कहा कि मंगल पांडेय ने शास्त्र पढ़ना छोड़कर, शस्त्र उठाकर ब्रिटिश हुकूमत को हिला कर रख दिया था। इस धरती के लोग और शहीद के परिजन उनकी जन्मतिथि 30 जनवरी 1831 को मनाते हैं तो वही सही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि गूगल क्या होता है उसको गूगल के कर्मचारी ही चलाते हैं। इसको हर स्तर पर ठीक कराने का उन्होंने आश्वासन दिया। इस दौरान स्मारक परिसर में सचिव ओमप्रकाश तिवारी एवं इंटर कॉलेज परिसर में कालेज के प्रबंधक बृकेश कुमार पाठक एवं प्रधानाचार्य रवि राय ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। स्वागत करने वालों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रकाश पाठक, अरुण सिंह, विमल पाठक, घनश्याम पांडेय, केके पाठक, कमलेश पांडेय, अरुणेश पाठक, परमात्मानंद यादव, दयानंद उपाध्याय, हरिश्चंद्र पटेल, पूर्णेन्दु शुक्ला, हरेंद्र चौबे, छोटेलाल पाठक, द्वारिका पाठक, हरिशंकर पाठक, लालू पाठक आदि मौजूद थे।

# पंचायत अध्यक्ष भी जब भाजपा का होगा, तभी नगरा का होगा विकास

- नगरा स्थित जनता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद
- कहा - योगी जी के शासन काल में अपराध पर अंकुश लग गया है

**केटी न्यूज/बलिया**


सांसद रविकिशन का स्वागत करते कॉलेज के शिक्षक

बलिया के धरती बहुत समझदार ह, इहवा एक एक महा पुरुष भइल लोग। सबके नमन वंदन बा। मोदी जी औरी योगी जी के राज में चारो ओर विकास के गंगा बहत बा। योगी जी के कदम से कदम मिला के अब नगरा में भी विकास के गंगा बही। उक्त बातें सांसद सह सीने अभिनेता रविकिशन ने जनता इंटर कॉलेज के मैदान में क्षेत्र पंचायत नगरा द्वारा आयोजित 151 विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा। सांसद रवि किशन ने कहा कि योगी जी के शासन काल में अपराध पर अंकुश लग गया है। गुंडे माफिया बदमाश जेल के सलाखों में है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। मेडिकल कॉलेज, एम्स, सड़क, एक्सप्रेस वे का निर्माण तेजी से हो रहा है। लोगों को बिजली मिल रही है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। अपराध पर अंकुश लग चुका है। देश प्रदेश की डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की धारा जोड़ा है। कानून का राज स्थापित करने है।

उन्होंने कहा कि नवसृजित नगर पंचायत नगरा भी योगी जी की देन है। यहां का पहला नगर पंचायत अध्यक्ष भी जब भाजपा का होगा, तभी इसका विकास होगा। समारोह में बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, सांसद रविन्द्र कुशवाहा, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व समारोह के आयोजक पूर्व प्रमुख अनिल सिंह एवं उद्यमी विनय सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। भाजपा नेता छट्ठू राम, ब्लॉक प्रमुख अंजू पासवान, खंड विकास अधिकारी विनय वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव, जिला महामंत्री प्रदीप सिंह, अरविंद नारायण सिंह, जय प्रकाश जायसवाल, पृथ्वीपाल सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू एवं संचालन जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने किया।